RAF SECTOR

NEWS CLIP

06/02/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar (Jhunjhunu, Raj.)

तैयारी • खेतड़ी में केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स ने कस्बे की जानकारी जुटाई

संवेदनशील इलाकों की जानकारी के लिए पैदल मार्च

भास्कर न्यूज़ | खेतड़ी नगर

केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून सोमवार को केसीसी टाउन शीप में पैदल मार्च किया। बटालियन के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र कुमार यादव ने थानाधिकारी किरणसिंह यादव से खेतड़ी नगर थाने के कस्बे की जानकारी जुटाई।

साथ ही पैदल जाकर जनता से परिचित अभ्यास करवाया गया जिससे भविष्य में जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। निरीक्षक अनिल कुमार यादव व सहायक कमांडेंट सुरेंद्र कुमार यादव ने बताया यह अभ्यास इलाके की जनसंख्या सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील इलाकों एवं दंगा फसाद करने वालों की सूची तैयार की जा जा रही है। ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या सांप्रदायिक तनाव एवं दंगा होने की स्थिति में उसे नियंत्रित किया जा सके घटना होने पर नियत स्थल पर तत्काल पहुंचने में सुविधा हो इसके लिए भी रैपिड एक्शन फोर्स ग्रामीण क्षेत्रों का अध्ययन कर रही है। उन्होंने बताया कि यह सर्वे एक जनवरी 2018 से शुरू हुआ था। आरएएफ टुकड़ी में करीब 70 जवान मौजूद थे।

खेतड़ी नगर. रैपिड एक्शन फोर्स थाने से रवाना होती।

खेतड़ी. कस्बे में पुलिस के साथ फ्लैग मार्च करते आरएएफ के जवान।

खेतड़ी में आरएएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

खेतड़ी | आरएएफ के जवानों ने सोमवार को कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। रैपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार परिचित अभ्यास के दौरान अलग-अलग इलाके में जनसंख्या, साक्षर, निरक्षर, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील इलाकों तथा संदिग्धों की सूची तैयार करवाई जा रही है। फोर्स के जवानों ने डीएसपी कार्यालय से राजकीय अजीत अस्पताल, मुख्य बाजार, पुराना एसडीएम कोर्ट होते हुए मुख्य बस स्टैंड तक फ्लैग मार्च निकाला। खेतड़ी नगर में भी आरएएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। इस मौके पर एएसपी वीरेंद्र कुमार मीणा, सीआई विक्रम सिंह राठौड़, प्लाटून कमांडर अनिल कुमार, लोकेंद्र सिंह, निरीक्षक अनिल कुमार यादव एएसआई कैलाशचंद शर्मा आदि मौजूद थे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।